अमर उजाला 25/08/24

कॉलेज में मनाया अंतरिक्ष दिवस

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में गर्ल्स एनसीसी इकाई और भौतिक विभाग की ओर से संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इसमें 18 कैडेट्स ने भाग लिया और कैडेट्स की ओर से पोस्टर बनाए गए। इसके बाद कैडेट्स के लिए आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 22 कैडेट्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष चंद्रयान-3 के सफल होने के उपलक्ष्य में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मानना सुनिश्चित किया गया था। संवाद